प्रेस नोट
दिनांक 14.03.2026

उ0नि0 नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया गया निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया गया जायजाः–

गोण्डा। आज दिनांक 14.03.2026 को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा–2025 के दृष्टिगत जनपद गोण्डा में परीक्षा की सुचारू एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों के मुख्य प्रवेश द्वार, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं सत्यापन की व्यवस्था, चेकिंग/फ्रिस्किंग व्यवस्था, परीक्षा कक्षों में बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कार्यशीलता का भी परीक्षण किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि सभी कैमरे सुचारू रूप से संचालित हों, जिससे परीक्षा की पूरी प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखी जा सके। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों के परीक्षा केन्द्र में प्रवेश से पूर्व निर्धारित मानकों के अनुसार सघन चेकिंग/फ्रिस्किंग सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, अनुचित सामग्री अथवा प्रतिबंधित वस्तु को परीक्षा केन्द्र में ले जाने की अनुमति न दी जाए। परीक्षा की सुरक्षा एवं निष्पक्षता को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। भ्रमणशील पुलिस टीमें भी लगातार गश्त कर रही हैं, जिससे परीक्षा के दौरान कानून–व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः सामान्य बनी रहे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, अनियमितता या अव्यवस्था की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। पुलिस प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

मीडिया सेल, गोण्डा।

<u>प्रेस नोट</u>
<u>दिनांक 14.03.2025</u>

गोण्डा पुलिस की पहलः एसपी गोण्डा ने एनएसएस शिविर में छात्राओं को सुरक्षा व आत्मनिर्भरता का दिया संदेशः–

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज दिनांक 14.03.2026 को सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पी.जी. कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) विशेष शिविर में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा तथा कानून द्वारा महिलाओं को दिए गए अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में वामासारथी संघ की अध्यक्षा डा0 तन्वी जायसवाल छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक जागरूकता के विषय में प्रेरित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। एन0एस0एस0 शिविर के षष्ठम दिवस पर कार्यक्रम अधिकारी डा0 मौसमी सिंह एवं डा0 नीतू सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं द्वारा महर्षि अरविन्द बाल शिक्षा मंदिर से उपरहितन पुरवा एवं रानीपुरवा क्षेत्र में नारी शक्ति जागरूकता चेतना रैली भी निकाली गई, जिसके माध्यम से महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। रैली में निशा यादव, राधा मिश्रा, पूर्णिमा, श्रेया, अफरीन, ज्योति, सुमन, कशिश, खुशी, मरियम सहित अन्य स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। भोजनावकाश के उपरांत आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक अंजनी कुमार दूबे एवं करूणेश पटेल द्वारा योग के महत्व एवं स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को अपनाने के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत द्वारा उपस्थित छात्राओं को महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का आह्वान किया गया।

<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>